**1.** निम्न कथनों पर विचार करें
1. स्वेज नहर (Suez Canal) मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में (Sinai Peninsula) बनाई गई विश्व की सबसे बड़ी कृत्रिम नहर है। इसकी लम्बाई 163 किमी और चौड़ाई 65 मी है।
2. इस नहर के बन जाने से यूरोप और एशिया के बीच की दूरी काफी कम हो गई है क्योंकि इसके बनने से पूर्व यूरोप से एशिया और एशिया से यूरोप जाने वाले जहाजों को अफ्रीका महाद्वीप का चक्कर लगाकर जाना होता था।

**2. मलक्का जलसंयोजक में आने-जाने की सुविधाएँ हैं**
(a) हिन्द महासागर से चीन सागर तक
(b) लाल सागर से भूमध्य सागर तक
(c) अटलाण्टिक महासागर से प्रशान्त महासागर तक
(d) भूमध्य सागर से काला सागर तक

**3. कौन-सी जल संयोजी यूरोप को अफ्रीका से पृथक् करती है?**
(a) बास्पोरस (b) जिब्राल्टर
(c) डोवर (d) बेरिंग

**4. एशिया व उत्तरी अमेरिका को जो जलडमरूमध्य अलग करता है, वह है**
(a) बेरिंग जलडमरूमध्य
(b) पाक जलडमरूमध्य
(c) जिब्राल्टर जलडमरूमध्य
(d) मलक्का जलडमरूमध्य

**5. आर्कटिक महासागर एवं प्रशान्त महासागर को जोड़ने वाला जलडमरूमध्य है**
(a) बेरिंग (b) टॉरेस
(c) डोवर (d) मलक्का

**6. निम्नलिखित जलडमरूमध्यों में से किसी एक में से निकाली गई सुरंग यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस को जोड़ती है**
(a) डेविस जलडमरूमध्य
(b) डेनमार्क जलडमरूमध्य
(c) डोवर जलडमरूमध्य
(b) जिब्राल्टर जलडमरूमध्य

**7. दक्षिण-पश्चिमी एशिया का निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश भूमध्यसागर तक नहीं फैला है?**
(a) सीरिया (b) जॉर्डन
(c) लेबनान (d) इजरायल

**8. कोरल रीफ या जीवाश्म पट्टी प्रायः कहाँ पाई जाती है?**
(a) 18° C से ऊपर शीतोष्ण जलवायु क्षेत्र में
(b) कर्क व मकर के बीच तटीय क्षेत्रों में
(c) महाद्वीपों व द्वीपों के पूर्वी व पश्चिमी दोनों तटों पर
(d) ठण्डे समुद्रीय तटों पर

**9. टर्की किनके मध्य स्थित है?**
(a) काला सागर और कैस्पियन सागर
(b) काला सागर और भूमध्य सागर
(c) स्वेज की खाड़ी और भूमध्य सागर
(d) अकाबा की खाड़ी और मृत सागर

**10. अलास्का निम्नलिखित में से किस देश का हिस्सा है?**
(a) ग्रीनलैण्ड
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) कनाडा (d) रूस

**11. 'ग्रेट बैरियर रीफ' है**
(a) ऑस्ट्रेलिया के निकट एक प्रवाल भित्ति
(b) राजस्थान में एक जल-विभाजक
(c) चीन की दीवार
(d) रॉकीज पर्वत की एक शृंखला

**12. क्षेत्रफल और आयतन के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी झील है**
(a) अरल सागर (b) कैस्पियन सागर
(c) बैकाल झील (d) मिशिगन झील

**13. निम्नलिखित में से पूर्वी द्वीप समूह का कौन-सा द्वीप तीन देशों में विभाजित है?**
(a) बोर्नियो (b) सेलीबीज
(c) न्यू गिनी (d) तिमोर

**14. 'सुदूर उत्तर-पश्चिम में आसे से लेकर पूर्व में टॉरसें जलडमरूमध्य तक दूरी 5,000 मील है, जो लगभग उतनी है, जितनी लन्दन से बगदाद की। इस द्वीप समूह में 14,000 द्वीप हैं, इनमें से कुछ मात्र विषुवत् क्षेत्रीय शैल हैं और अन्य में कुछ विश्व के विशालतम द्वीप हैं, यह विवरण निम्नलिखित में से किसके सन्दर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त है?**
(a) वेस्टइण्डीज (b) जापान
(c) फिलीपीन्स (d) इण्डोनेशिया

**15.** जापान का विशालतम द्वीप कौन है?
(a) होकैडो (b) शिकाकू
(c) क्यूशू (d) हौंशू

**16. दस डिग्री चैनल पृथक् करता है**
(a) अण्डमान को निकाबार द्वीपों से
(b) अण्डमान को म्यांमार से
(c) भारत को श्रीलंका से
(d) लक्षद्वीप को मालद्वीव से

**17. एण्डीज पर्वत श्रेणी निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में स्थित है?**
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूरोप
(c) दक्षिण अमेरिका (d) उत्तर अमेरिका

**18.** हारमुज जल सन्धि पाई जाती है
(a) काला सागर तथा मृत सागर के बीच
(b) फारस की खाड़ी तथा ओमान की खाड़ी के बीच
(c) अरब सागर एवं लाल सागर के बीच
(d) लाल सागर एवं भूमध्य सागर के बीच

**19.** निम्नलिखित में से कौन-संसार की सबसे बड़ी पोतवाहक नहर है?
(a) कील नहर (b) पनामा नहर
(c) सू नहर (d) स्वेज नहर

**20. कथन (A) स्वेज नहर बनाने से भारत की पश्चिमी देशों से दूरी कम हो गई है।**
**कारण (R) स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है।**
**कूट**
(a) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) A सही है, किन्तु R गलत है
(d) A सही है, किन्तु R गलत है

**21. उष्णकटिबन्धीय आन्तरिक घास के मैदान अथवा सवाना प्रदेश में प्रचुर घास होने के बावजूद भी बड़े पैमाने पर व्यापारिक पशुचारण का व्यवसाय नहीं पनप पाया है जिसके कारणों में शामिल हैं।**
1. परिवहन की पर्याप्त सुविधा न होने के कारण पशु उत्पादों को बाजार की उचित सुविधा उपलब्ध नहीं होती। पशुओं को बुरी अवस्था में वधशालाओं तक ले जाया जाता है जिससे उनकी उत्पादकता कम हो जाती है।
2. शीतोष्ण कटिबन्धीय पशु उत्पादकों की प्रतिस्पर्द्धा के कारण भी यहाँ पर पशुचारण उद्योग अविकसित अवस्था में है।
3. वर्षा ऋतु में बहुत से घास के मैदानों में बाढ़ आ जाती है जिससे घास तथा पशु धन की बड़ी क्षति होती है। यह समस्या ओरीनिको लानोस (Orinico Lanos) में विशेष रूप से गम्भीर होती है।
4. इन घास के मैदानों में विभिन्न प्रकार के कीट-पतंगे होते हैं जो पशुओं को काट कर उनमें बीमारियाँ पैदा करते हैं। अफ्रीका में बहुत से साँप तथा जीव भक्षी (Predatory) पशु होते हैं जो पशुओं को हानि पहुँचाते हैं। परन्तु सबसे भयानक सी-सी (Tsetse) मक्खी है जो अफ्रीका के समस्त सवाना प्रदेश में पाई जाती हैं और पशुओं को अधिकतम क्षति पहुँचाती है। इस मक्खी की अधिकता वाले क्षेत्रों में पशुपालन लगभग असम्भव है।

**कूट**
(a) 1, 2 और 3
(b) 3 और 4
(c) 2, 3 और 4
(d) उपरोक्त सभी

**22. 'ऑस्ट्रेलिया' से सम्बन्धित कथनों पर विचार करें**
1. ऑस्ट्रेलिया को द्वीपीय महाद्वीप भी कहा जाता है।
2. ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड और आसपास के द्वीपों को मिलाकर ओशिनिया कहते हैं।
3. ऑस्ट्रेलिया का उत्तरी क्षेत्र का मैदान कारपेण्ट्रिया का मैदान कहलाता है।
4. ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासी को एबोरिजिंस कहते हैं।
**उपरोक्त में कौन ऑस्ट्रेलिया महादेश से सम्बन्धित कथनों में असत्य है?**
**कूट**
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 3 और 4
(c) 2 और 4 (d) इनमें से कोई नहीं

**23.** निम्नलिखित देशों में से कौन-सा एक प्रशान्त महासागर और अटलाण्टिक महासागर को जोड़ने के लिए पनामा नहर के प्रतिद्वन्द्वी के निर्माण के लिए योजना बना रहा है?
(a) कोलम्बिया (b) कोस्टारिका
(c) ग्वाटेमाला (d) निकारागुआ

**24.** स्वेज नहर किन दो सागरों को मिलाती है?
(a) अरब सागर — काला सागर
(b) भूमध्य सागर — लाल सागर
(c) काला सागर — लाल सागर
(d) हिन्द महासागर — लाल सागर

**25.** ऑस्ट्रेलिया की खोज कब की गई थी?
(a) 1700 ई. (b) 1690 ई.
(c) 1770 ई. (d) 1599 ई.

**26.** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट के समानान्तर एक अत्यधिक लम्बा तथा काफी चौड़ा उच्च भूमि प्रदेश है जिसे कहा जाता है
(a) ग्रेट बैरियर रीफ (b) ग्रेट डिवाइडिंग रेंज
(c) ग्रेट ऑस्ट्रेलिया बाइट (d) ग्रेट विक्टोरिया

**27. ऑस्ट्रेलिया में अनेक उत्स्रुत कूप पाए जाते हैं। इसमें सबसे बड़ा उत्स्रुत कूप ग्रेट आर्टीजियन बेसिन ऑस्ट्रेलिया के किस भाग में है?**
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-मध्य
(c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**28. दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे बड़ा देश कौन है?**
(a) म्यांमार (b) इण्डोनेशिया
(c) थाइलैण्ड (d) कम्बोडिया

**29. सुमेलित कर**

| **सूची I (देश)** | **सूची II (राजधानी)** |
|---|---|
| A. कतर | 1. दोहा |
| B. यमन | 2. सानां |
| C. ओमान | 3. मस्कट |
| D. बहरीन | 4. मनामा |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**30. किस देश में विश्व की वृहतम पशुधन समष्टि है?**
(a) ब्राजील (b) चीन
(c) भारत (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

# Answer Key

## ANSWERS-Hindi

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (a) | 3. (b) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (c) | 7. (b) | 8. (b) | 9. (b) | 10. (b) |
| 11. (a) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (d) | 15. (d) | 16. (a) | 17. (c) | 18. (b) | 19. (d) | 20. (a) |
| 21. (a) | 22. (d) | 23. (d) | 24. (b) | 25. (c) | 26. (b) | 27. (c) | 28. (b) | 29. (b) | 30. (c) |